आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 20.01.2025 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उद्योग जगत और कर सलाहकार संघों के प्रतिनिधियों के साथ प्री बजट बैठक की।
- केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी कल जयपुर में क्षेत्रीय समीक्षा बैठक करेंगे।
- मेजर मिनरल ब्लॉक की नीलामी में राजस्थान देश में पहले स्थान पर–केन्द्रीय खान मंत्री ने राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया।
- उपमुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा–सड़क सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी।
- कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले के मुख्य आरोपी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा।

000

वित्त वर्ष 2025–26 के बजट के लिए राज्य सरकार प्री बजट बैठकें कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज उद्योग और व्यापार जगत तथा कर सलाहकार संघों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री कार्यालय में हुए इस संवाद में श्री शर्मा ने प्रतिभागियों के सुझाव सुने और उनसे विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार सृजन सहित अन्य विषयों पर चर्चा की।

उधर, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने उम्मीद जताई है कि केन्द्र सरकार के आने वाले बजट से मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी। श्री पायलट आज पाली जिले के सांडेराव मार्ग पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आशा है कि सरकार बजट में लोगों पर किसी नए टैक्स का बोझ नहीं डालेगी।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधान मंडलों की बैठकों की घटती संख्या और उनकी गरिमा तथा मर्यादा में कमी की प्रवृति पर चिंता जताई है। श्री बिरला ने आज पटना में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि बैठकों की संख्या कम होने के कारण विधान मंडल अपने संवैधानिक दायित्वों को पूरा करने में विफल हो रहे हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की अपील की।

000

दो दिन के इस सम्मेलन में देशभर के विभिन्न विधायी निकायों, लोकसभा और राज्यसभा के पीठासीन अधिकारी भाग ले रहे हैं।

सम्मेलन में हिस्सा लेने गए राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पटना के आई.जी.आई.एम.एस. अस्पताल ले जाया गया। उन्हें दिल का दौरा पड़ने की आशंका के मद्देनजर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर से हृदय रोग विशेषज्ञों की टीम को पटना के लिए रवाना किया है। मुख्यमंत्री ने श्री देवनानी के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

000

केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी का कल जयपुर दौरे का कार्यक्रम है। श्री जोशी नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की क्षेत्रीय समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी हिस्सा लेंगे। इनके अलावा विभिन्न राज्यों के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री और आला अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहेंगे।

गौरतलब है कि हाल ही में जयपुर में हुए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्मेंट समिट में सबसे ज्यादा एमओयू ऊर्जा क्षेत्र के लिए किये गये हैं।

000

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत ने बहुराष्ट्रीय निगमों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित कर ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस में सुधार किया है। डॉ. मांडविया ने नई दिल्ली में अनौपचारिक क्षेत्र में कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा कवरेज पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करने के बाद ये बात कही। उन्होंने कहा कि कामगारों की सामाजिक सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि पशुपालकों की आर्थिक उन्नति के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है। श्री बागड़े आज महाराष्ट्र के कोपरगांव तालुका में गोदावरी दूध इकाई और शुद्धिकरण मशीन तथा कर्मचारी निवास के भवन के शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि पशुपालकों के विकास के लिए दूध संग्रहण, वितरण और दूध से बने विभिन्न उत्पादों की पैकेजिंग प्रभावी रूप से सुनिश्चित की जानी चाहिए।

000

देशभर में मेजर मिनरल ब्लॉक की नीलामी में राजस्थान पहले स्थान पर रहा है। केन्द्रीय खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज कोणार्क में राजस्थान को ये सम्मान प्रदान किया। देशभर के खान मंत्रियों की कॉन्फ्रेन्स में खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने ये पुरस्कार प्राप्त किया। श्री रविकान्त ने बताया कि देशभर में सबसे जयादा 31 मेजर मिनरल ब्लॉक की नीलामी राजस्थान में की गई है। उन्होंने कहा कि इनमें 22 माइनिंग लीज और 9 कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी की गई थी।

इसके साथ ही खान विभाग के निदेशक भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि राज्य में खनिज क्षेत्र में किये गये नवाचारों, अवैध खनन पर प्रभावी रोक के लिए चलाए गए अभियान से राजस्थान की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनी है।

000

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत प्रदेशभर जागरुकता गतिविधियां जारी हैं। इनके माध्यम से आम लोगों को यातायात और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही सड़क हादसों में कमी लाने के प्रयास किये जा रहे हैं। आज अजमेर में यातायात पुलिस की ओर से स्कूली विद्यार्थियों के साथ रैली निकाली गई। उधर, पाली के सोजत में वाहनों पर रिफ्लेक्टर स्टीकर्स लगाए गए। वहीं सवाईमाधोपुर में नेहरू युवा केन्द्र और एनएसएस के स्वयं सेवक भी यातायात पुलिस के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा का संदेश दे रहे हैं। इन वॉलियंटर्स ने आज शहर के प्रमुख चौराहों पर आम लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी। इसी तरह झुंझुनूं में स्वंय सेवकों की टीम ने वाहन चालकों की समझाइश की। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी आज झुंझुनूं दौरे पर रहे। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा किसी एक विभाग की नहीं बल्कि सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

000

संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने आज जोधपुर में लूणी क्षेत्र के केरू गांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली। उधर, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत भरतपुर के नदबई में चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमें बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। गंभीर बीमारियों से पीड़ित 38 बच्चों को जांच के लिए आरबीएम अस्पताल भिजवाया गया।

000

कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले के मुख्य आरोपी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। सियालदह की सत्र अदालत ने ये फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को पीड़ित परिवार को 17 लाख रुपये का मुआवजा भी देने को कहा है। अदालत ने पिछले शनिवार को संजय रॉय को इस मामले में दोषी करार दिया था। महिला प्रशिक्षु डॉक्टर का शव पिछले साल 9 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज के एक सेमिनार हॉल से बरामद किया गया था। सीबीआई ने इस मामले में रॉय के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

000

झालावाड़ जिले में बचपन बचाओ अभियान के तहत नशे और मोबाइल की लत छुड़ाने की मुहिम चलाई गई। जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि इसके तहत ढाई हजार से अधिक संस्थानों के दो लाख से ज्यादा बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई गई।

000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि युवा देश की संपत्ति हैं, जो राष्ट्र निर्माण और समृद्धि में योगदान देते हैं। आज दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर–एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि भारत की संस्कृति 140 करोड़ लोगों की एकता से बंधी हुई है। प्रत्येक व्यक्ति का विकास समाज की प्रगति को दर्शाता है। रक्षा मंत्री ने लोगों से अपने जीवन में अनुशासन, एकता और राष्ट्रीय अखंडता को प्राथमिकता देने का भी आग्रह किया।

000

प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी से लोगों को कड़ाके की सर्दी से राहत मिली है। ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस से 14 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आज सबसे कम 6 दमशलव 8 डिग्री सेल्सियस तापमान पाली के जवाई बांध क्षेत्र में रिकॉर्ड किया गया। डीग से हमारी संवाददाता ने बताया कि मौसम खुलने और धूप निकलने से लोगों की दिनचर्या में बदलाव देखा गया।

000